College of Pharmacy
A.P.S. University Rewa (M.P.)

Ref. No.: B.P.-37 Date: 24/09/2024

प्रेस विज्ञप्ति

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में 2024-25 के लिए बी.फार्म और डी.फार्म की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में सत्र २०२४-२५ में, कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी विभाग अंतर्गत बी.फार्म और डी.फार्म पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया डायरेक्टरेट ऑफ़ टेक्निकल एजुकेशन (DTE) भोपाल के माध्यम से शुरू हो गई है। पिछले सत्र में विश्वविद्यालय में बी.फार्म की कुल 60 सीट थी जो इस सत्र में फार्मेसी कौंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा बढ़ाकर कर 100 सीट कर दी गई है। इसी सत्र से विश्वविद्यालय में नवीन फार्मेसी में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स डी.फार्म 60 सीट, शुरू करने की मान्यता फार्मेसी कौंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रदान की गई है।

विश्वविद्यालय में वर्तमान शिक्षण सत्र में बी.फार्म की 100 सीट और डी.फार्म की 60 सीट पर प्रवेश प्रक्रिया विगत 10 सितंबर से DTE पोर्टल में रजिस्ट्रेशन के साथ शुरू हो गई है। रजिस्ट्रेशन के उपरांत DTE पोर्टल में 30 सितंबर से चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया आरम्भ होने जा रही है जो कि 20 अक्टूबर तक चलेगी। 21 अक्टूबर को कॉमन मेरिट लिस्ट DTE पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी। छात्रों को आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/ आवंटित संस्था में उपस्थिति और आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश की की प्रक्रिया 25 से 29 अक्टूबर सायंकाल 5 बजे तक किया जा सकेगा।

विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी संस्थान के बी.फार्म और डी.फार्म पाठ्यक्रम में चयन के लिए कॉउंसलिंग के चॉइस फिलिंग सेक्शन में जाकर नीचे दिए गए नाम को सर्च करें।

College of Pharmacy Awadhesh Pratap Singh University, Rewa

DTE College ID: 606

कृपया प्रवेश हेतु DTE साइट तक पहुंचने के लिए लिंक नीचे दी गई है, कृपया इस लिंक को फ़ॉलो करें

https://dte.mponline.gov.in

24/9/24